भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2857
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन परियोजनाओं के लिए विकास और प्रस्ताव

2857 डा. फौजिया खान:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में विकसित पर्यटन स्थलों के ब्यौरे सहित वर्ष 2019 से अब तक जिला-वार विवरण क्या है;

(ख) वर्ष 2019 से महाराष्ट्र में प्रस्तावित प्रमुख पर्यटन परियोजनाएं कौन सी हैं और इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और चल रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र के कितने प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित हैं और विलंब के कारणों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पर्यटन परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): देश में पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को सम्पूरित करता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक योजना के तहत परियोजनाएं स्वीकृत करके पर्यटन सुविधाओं का विकास भी किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 2 परियोजनाओं और प्रशाद योजना के तहत 1 परियोजना को मंजूरी दी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

महाराष्ट्र राज्य में एसडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची				
क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**वास्तविक स्थिति**
1.	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ-सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का विकास	19.06	पूर्ण
2.	आध्यात्मिक	वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी-	45.47	पूर्ण

	परिपथ 2018-19	गिराड का विकास		

महाराष्ट्र राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची				
क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**वास्तविक स्थिति**
1.	2017-18	त्र्यंबकेश्वर का विकास	42.18	पूर्ण

मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में 1 परियोजना को मंजूरी दी है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्थिति**
1.	'शिवसृष्टि थीम पार्क, पुणे' -चरण-3	76.22	2024-25	स्वीकृत

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने 'केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी एक अन्य केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत नीचे दिए गए विवरण के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्थिति**
1.	कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास	15.00	2016-17	पूर्ण
2.	नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	5.18	2016-17	बंद कर दी गई।
3.	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण	12.50	2017-18	पूर्ण
4.	औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	5.71	2017-18	बंद कर दी गई।
5.	इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	37.50	2021-22	जारी

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25 (एसएएससीआई)' के अंतर्गत हाल ही में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी है:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष	स्थिति
1.	पूर्व-आईएनएस गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम रीफ और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	46.91	2024-25	स्वीकृत
2.	नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14	2024-25	स्वीकृत

विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है और मंत्रालय द्वारा स्वीकृति हेतु योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन उनकी जांच की जाती है। परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करता है।

*****